Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to open medica college in Jhabua district in Ratlam Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मेरे संसदीय क्षेत्र के झाबूआ-रतलाम जिले की सबसे बड़ी ज्वलंत समस्या की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । मेरे इन दोनों जिलों की लगभग 87 परसेंट आबादी अनुसूचित जनजाति की है और यहां लगभग 40 प्रतिशत आबादी मजदूरी करती है । जैसा कि आप जानते हैं कि हमारे ये दोनों जिले बहुत गरीब जिले हैं और मध्य प्रदेश में इन दोनों जिलों की प्रतिव्यक्ति आय सबसे कम है । इन दोनों जिलों में सिकेलसेल एनिमिया, फ्लोरोसिस, थेलीसीमिया और सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारियों की अधिकता है । यहां पर सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतें भी सर्वाधिक हैं । जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं होने के कारण उपचार कराने में बहुत परेशानी आती है । यहां पर प्राइवेट हॉस्पिटल भी नहीं हैं, जिससे उनको उपचार हेतु गुजरात राज्य पर निर्भर रहना पड़ता है । इन दोनों जिलों की लगभग 20 लाख आबादी होने के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से मैं यहां पर एक मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग करता हूँ । जैसा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री परम आदरणीय मोदी जी ने प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की है तो मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि प्राथमिकता के आधार पर झाबुआ जिले में मेडिकल कॉलेज खोला जाए ।